(ग) यदि नहीं, तो सरकार ने उत्तर प्रदेश में विद्युत-चालित करघों की संख्या मे वृद्धि करने के लिये क्या प्रयास किये हैं?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलौत): (क) वस्त्र (नियन्त्रण) आदेश 1986 के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में विद्युत करघा एककों की जिला-वार संख्या के ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं। विद्युत करघों का पंजीकरण राज्य प्राधिकारियों द्वारा किया जाता है न कि केन्द्र सरकार द्वारा और उनके द्वारा दिये गये ब्यौरों के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान पंजीकृत किये गये विद्युत करघों की संख्या अनुबंध "क" में दी गई है।

(ख) यह सच नहीं है। न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि सम्पूर्ण देश में विगत में यार्न की कीमत, विद्युत लागत में वृद्धि के कारण विगत में विद्युत करघों के बन्द होने की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है।

(ग) संलग्न विवरण में उल्लिखित आंकड़े यह दर्शाते हैं कि उत्तर प्रदेश में विद्युत करघों की संख्या बढ़ रही है। दिसम्बर, 1991 तक पंजीकृत किये गये कुल करघों की संख्या में 52% नये करघे शामिल हैं।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान पंजीकृत किये गये विद्युत करघों की संख्या

वर्ष	जारी किये गये पंजीकरण प्रमाण पत्रों की संख्या	शामिल करघे	जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों की संचयी कुल संख्या	अप्रैल से शामिल किये गये करघे
1989	1451	3589	21069	58133
1990	1952	3690	23021	61823
1991	1765	2840	24786	64663

Monitoring of 15 Point Programme

4443. SHRI MOHAMMED AFZAL *ALIAS* MEEM AFZAL : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether there is any committee in his . Ministry for monitoring implementation of the 15 point programme for the welfare of the Minorities; and

(b) if so, what are the details with regard to such Committee in the Ministry and the number of persons who have been provided with employment during the past three years under the programme?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI ASHOK GEHLOT) : (a) No, Sir,

(b) Does not arise.

हैन्डीक्राफ्टस एण्ड हैन्डलूम एक्सपोर्ट कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड

4444. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हैन्डीक्राफ्टस एण्ड हैन्डलूम एक्सपोर्ट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान किये गए क्रय-विक्रय का ब्यौरा क्या है;

(ख) उनके क्रय के तरीके (निविदा अथवा सौदेबाजी) का ब्यौरा क्या है;

(ग) उन पक्षकारों के क्या नाम हैं जिनसे इस संबंध में बातचीत की गई थी; और

(घ) इन मदों का किन-किन देशों को निर्यात किया गया था; और इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत): (क) से (घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान एच॰एच॰ई॰सी॰ द्वारा की गई खरीदारी और बिक्री के आंकड़े नीचे दिये गये हैं:—

or are proposed to be taken to rectify/ remedy the situation; and

(c) if so, what steps are being taken or are proposed to be taken to rectify/ remedy the situation; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI ASHOK GEHLOT): (a) Yes, Sir. Sr. Director has been delegated the powers of the Head of the Department.

(b) Yes, Sir.

(c) Complaints are being examined.

(d) Does not arise.

Induction of Non-Gazetted Officials in the Promotion Committee of The National Handicrafts and Handlooms Museum

4437. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that officials of the rank of Investigators have been inducted in selection/promotion committee of the National Handicrafts and Handlooms Museum;

(b) if so, whether this is permissible in a Government Department; and

(c) what action is being taken to rectify the situation and fix responsibility for such irregularities'?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI ASHOK GEHLOT): (a) No. Sir.

(b) and (c) Do not arise.

Erratic Supply of Raw Material to Carpet Weaving Training Centres

4438. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that supply of raw materials to Carpet Weaving Training Centres continues to be erratic resulting in many centres not functioning properly;

(b) whether centralised dealing at Head quarter office has resulted in such a situation; and

(c) if so, what action has been taken or is proposed to be taken to remedy the situation?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI ASHOK GEHLOT): (a) A statement is attached. *[See* below*l*.

(b) No. Sir.

(c) Does not arise.

STATEMENT No, Sir, Every year, the total requirements of rawmaterial for various Carpet training Centres all over the country are assessed and indents are placed with various suppliers/manufacturers in the Public Sector or Private Mills after inviting open tenders to ensure regular supply of Cotton/Woollen Yarn to the Training Centres and thus no centre is allowed to be closed down for want of raw materials. However, in the case of any temporary shortages of raw material in any centre, the same is arranged from the neighbouring units or Filed Administrative Cells or Central Storage Units. Thus the supply of raw-material to Carpet Training Centres throughout the country is maintained on regular basis.

उत्तर प्रदेश में हथकरघा क्षेत्र का विकास

4439. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने उत्तर प्रदेश में हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए जिला-वार क्या लक्ष्य निर्धारित किये थे:

(ख) इन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त कर लिया गया है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिये सरकार किन-किन प्रस्तावों पर विचार कर रही है और उनका ब्यौरा क्या है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत): (क) भारत सरकारव हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए कार्यान्वित की जा रही किसी भी योजना के अंतर्गत राज्य में जिलावार लक्ष्य निर्धारित नहीं करती है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) सरकार उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में हथकरघा उद्योग के विकास और हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए कई योजनाएं तैयार और कार्यान्वित कर रही है। इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर राज्यों को सहायता दी जाती है। चालू वित्तीय वर्ष में देश में हथकरघा बुनकरों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए निम्नलिखित नई योजनाएं घोषित की गई हैं जो उत्तर प्रदेश में भी लागू होंगी।

(1) निस्सहाय बुनकरों के लिए मार्जिन मनी नामक